setting up an Industrial Technology Data Bank, on a much larger scale, is under active consideration of the Government. The objectives of this Bank would be to collect, analyse and disseminate technical information on industrial technology from abroad and within the country.

Uniform Civil Code

1293. SHRI KALPNATH RAI: Will the Minister of LAW AND JUSTICE be pleased to refer to answer to Unstarred Question 728 given in Rajya Sabha on the 28th July, 1986 and state:

(a) whether Government have since taken a decinsion to introduce a legislation for a Uniform Civil Code; and

(b) if so, whether the details of the same have been formulated and by when the code is proposed to be introduced?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LAW AND JUSTICE (SHRI H. R. BHARDWAJ): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

खादी तथा ग्रामोद्योग उद्योग

1294. श्री जगदम्बी प्रसाद यादव : क्या उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग में कितने लोग लगे हुए हैं और वे किन-किन कामों में लगे हुए हैं, इसमें कितनी पंजी लगी हुई है और इसे विगत तीन वर्षों में कितना लाभ या नुकसान हुआ ;

(ख) क्या यह भी सच है कि सरकार को इस आयोग को अनुदान या अन्य रूपों में करोड़ों रुपये देने पड़ते हैं ;

(ग) क्या सरकार ने इस आयोग को लाभ में चलाने के लिए कोई प्रयास किए हैं और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या यह भी सच है कि इस के कार्यों की जांच बड़ी भारी गड़बड़ी किए जाने का पता चला है ?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम): (क) कताईकार, बुनकर और कामगार खादी तथा ग्रामोद्योग आयोग के कार्यों में संलग्न हैं । कार्यरत व्यक्तियों (अंशकालिक तथा पूर्णकालिक) की संख्या सम्बन्धी ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :—

(लाख व्यक्तियों में)

	1982–83	1983–84	1984–85
1 खादी	13.61	13.59	13.05
2. ग्रामोद्योग	20.73	21.92	24.84
योग :	34.34	35.51	37.89

इनमें से प्रत्यक वर्ष खादी तथा ग्रामोद्योग के विकास के लिए खर्च की गई कुल राशि इस प्रकार है :—

(करोड़ रुपयों में)

वर्ष	खादी	ग्रामोद्योग	योग
1982–83	44.98	37.01	81.99
1983–84	43.43	34.82	78.25
1984–85	51.28	32.89	94.17

(ख) जी हां ।

(ग) और (घ) प्रश्न ही नहीं उठता क्योंकि खादी तथा ग्रामोद्योग सम्बन्धी कार्यकलाप लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं किये जाते । खादी तथा ग्रामोद्योग कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य शेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अनुसूचित जातियों अनुसूचित जन जातियों अल्पसंख्यक समुदायों तथा स्त्रियों आदि सहित समाज के कमजोर वर्गों के लिए रोजगार के साधन जुटाना है ।